# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना- 800 001
( पंजीयन सं०-633/2003 )
E-mail : basa_bihar@yahoo.com

पत्रांक :......19......

दिनांक 5/9/2011

अध्यक्ष ( का० )
* शम्भु नाथ मिश्र
(M) 9431619672
(R) 0612-2288139
(O) 0612-2217696

+++

उपाध्यक्ष
* मो० एख़लाक़ अहमद
(M) 9934280177

+++

महासचिव
सुशील कुमार
(M) 9431091417
(R) 0612-2271428

+++

संयुक्त सचिव
* राजयबन्द बड़ियार
(M) 9431093157

* अनिल कुमार
(M) 9431409463

+++

कोषाध्यक्ष
चन्द्र शेखर सिंह
(M) 9334131351

+++

संयुक्त कोषाध्यक्ष
सोमेश बहादुर माथुर
(M) 9431407901

## दिनांक 04.09.2011 को केन्द्रीय कार्यकारणी की बैठक की कार्यवाही :-

**उपस्थिति** :– पंजी के अनुसार

सर्व प्रथम अध्यक्ष द्वारा अप्रील, 2011 से अगस्त, 2011 तक सेवा निवृत्त बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों का स्वागत किया गया।

2. बिहार प्रशासनिक सेवा संघ के आम सभा आयोजित करने पर विचार किया गया। महासचिव द्वारा बताया गया कि दिनांक 04.07.2010 को आम सभा की तिथि निर्धारित थी, जिसे दिनांक 05.07.2010 को एन0डी0ए0 एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के द्वारा भारत बंद के आहवान के कारण विधि व्यवस्था में बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारीगण की व्यस्ता को देखते हुए स्थगित की गई। पुनः फरवरी, 2011 एवं जून/जुलाई, 2011 में आम सभा करने हेतु माननीय मुख्यमंत्री से समय प्राप्त नहीं होने के कारण आम सभा नहीं कराई जा सकी। विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया कि दिसम्बर 2011 के प्रथम/द्वितीय रविवार को आम सभा बुलाई जाय।

3. संघ भवन निर्माण के विषय पर महासचिव द्वारा बताया गया बिहार प्रशासनिक सेवा संघ भवन का निर्माण कार्य वर्ष 2002 से पटना क्षेत्रीय विकास प्राधिकार (विघटित) द्वारा माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में बंद कराया गया था। इस संबंध में निदेशक, शहरी योजना, पटना क्षेत्रीय विकास प्राधिकार से पत्रांक 14 दिनांक 04.05.2011 द्वारा पत्राचार किया गया। उक्त पत्र के आलोक में पटना नगर निगम के अमीन द्वारा स्थलीय नापी के उपरान्त निदेशक (शहरी योजना, पटना नगर निगम द्वारा बन रहे भवन के कुछ अंश को छोड़कर निर्माण कार्य की अनुमति पत्रांक 2047 दिनांक 30.05.2011 द्वारा दी गयी। तदोपरान्त योजना प्रतिवेदन (प्लानिंग रिपोर्ट) प्राप्त किया गया। अब पटना नगर निगम के प्राधिकृत वास्तुविद से नया नक्शा पारित कराकर जिला पदाधिकारी, पटना (प्राधिकृत पदाधिकारी, खास महल) से अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्राप्त कर भवन निर्माण कार्य कराया जाना शेष है। महासचिव द्वारा बताया गया कि यह कार्य अक्टूबर माह में प्रारंभ कर दी जायेगी।

उपरोक्त कार्य हेतु एक समिति का गठन किया गया, जिसमें श्री अजय कुमार सिंह, ओ0 एस0 डी0 मा0 मंत्री, भवन निर्माण, श्री राजेश कुमार सिंह, विशेष कार्य पदाधिकारी, बिहार लोक सेवा आयोग, श्री कुमार रविन्द्र, वरीय उपसमाहर्त्ता, बक्सर, श्री चितरंजन प्रसाद, बियाडा एवं श्री अनिल राय, विशेष कार्य पदाधिकारी, नगर विकास विभाग को रखा गया, जो समय–समय पर सभी कार्य को महासचिव से राय लेकर निष्पादित करेंगे।

4. मो0 खुर्शीद आलम अंसारी, तत्कालीन अनुमंडल पदाधिकारी, समस्तीपुर द्वारा प्राप्त पत्र पर विचार किया गया। मो0 अंसारी द्वारा बताया गया कि जिला पदाधिकारी समस्तीपुर द्वारा अमर्यादित शब्दों से संबोधित किया जाता है। इसी क्रम में उनके द्वारा मो0 अंसारी के विरूद्ध झूठा आरोप सामान्य प्रशासन विभाग को प्रतिवेदित किया गया है। अध्यक्ष द्वारा यह निर्णय लिया गया कि ऐसे पदाधिकारी जो अमर्यादित शब्दों का

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

**प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना- 800 001**

( पंजीयन सं०-633/2003 )

E-mail : basa_bihar@yahoo.com

पत्रांक :................................ दिनांक................................

**अध्यक्ष ( का० )**

* शम्भु नाथ मिश्र
(M) 9431619672
(R) 0612-2288139
(O) 0612-2217696

+++

**उपाध्यक्ष**

* मो० एख़लाक़ अहमद
(M) 9934280177

+++

**महासचिव**

सुशील कुमार
(M) 9431091417
(R) 0612-2271428

+++

**संयुक्त सचिव**

* राजयनन्द बडियार
(M) 9431093157

* अनिल कुमार
(M) 9431409463

+++

**कोषाध्यक्ष**

चन्द्र शेखर सिंह
(M) 9334131351

+++

**संयुक्त कोषाध्यक्ष**

सोमेश बहादुर माथुर
(M) 9431407901

प्रयोग करता हो, उसे जिला पदाधिकारी के रूप में पदस्थापित नहीं किया जाय, ऐसी मांग सामान्य प्रशासन विभाग से किया जाए। साथ ही इस सन्दर्भ में गुप्त जॉच कर उन्हे जिला पदाधिकारी के पद से हटाया जाय। इसके अतिरिक्त मो0 अंसारी पर लगाए गए आरोपों की प्रधान सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा स्वयं जॉच कर यथोचित कार्रवाई की जाय।

5. अप्रील, 2011 से अगस्त 2011 तक सेवा निवृत्त पदाधिकारी का नाम इस प्रकार है :–

| क0 सं0 | पदाधिकारी का नाम | पदनाम | बैच | सेवा निवृत्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री कृष्णा त्रिपाठी | विशेष सचिव | 25 वीं | 30.04.11 |
| 2. | मो0 अंसारउद्दीन | उप सचिव | 26 वीं | 30.04.11 |
| 3. | श्री राम जी पाण्डे | ए0 डी0 एम0 | 28 वी | 30.04.11 |
| 4. | श्री कृष्ण कुमार प्रसाद | उप सचिव | 28 वीं | 30.04.11 |
| 5. | श्री विनोद झा | संयुक्त सचिव | 27 वी | 31.05.11 |
| 6. | श्री विश्वमोहन प्रसाद सिंह | संयुक्त सचिव | 28 वीं | 31.05.11 |
| 7. | श्री रंजन झा | जिला भू–अर्जन पदा0 | 25 वी | 30.06.11 |
| 8. | श्री हरेन्द्र शर्मा | विशेष सचिव | 25 वी | 30.06.11 |
| 9. | श्री कमलेश्वर गिरी | विशेष सचिव | 25 वीं | 30.06.11 |
| 10. | श्री अदालत सिंह | आयुक्त के सचिव | 27 वी | 30.06.11 |
| 11. | श्री सरयुग प्रसाद | संयुक्त सचिव | 27 वी | 30.06.11 |
| 12. | श्री सिद्धीनाथ झा | ए0 डी0 एम0 | 28 वी | 30.06.11 |
| 13. | श्री गोपी कांत झा | उप सचिव | 34 वीं | 30.06.11 |
| 14. | श्री राधा बिहारी ओझा | विशेष सचिव | 23 वीं | 31.07.11 |
| 15. | श्री अवधेश कुमार | विशेष सचिव | 24 वी | 31.07.11 |
| 16. | श्री जय नारायण सिंह | विशेष सचिव | 25 वीं | 31.07.11 |
| 17. | श्री मदन मोहन प्रसाद | विशेष सचिव | 25 वीं | 31.07.11 |
| 18. | श्री गणेश प्रसाद | विशेष सचिव | 25 वीं | 31.07.11 |
| 19. | श्री रविनन्दन सहाय | अपर सचिव | 26 वीं | 31.07.11 |
| 20. | श्री फनीन्द्र भुषण पाठक | संयुक्त सचिव | 27 वीं | 31.07.11 |
| 21. | श्री सुरज प्रसाद | संयुक्त सचिव | 27 वी | 31.07.11 |
| 22. | श्री उपेन्द्र झा | उप सचिव | 27 वीं | 31.07.11 |
| 23. | श्री नूरे आलम | ए0 डी0 एम0 | 28 वीं | 31.07.11 |
| 24. | श्री प्रदीप चन्द्र शरण | विशेष सचिव | 25 वीं | 31.08.11 |
| 25. | श्री प्रकाश चन्द्र सिंह | विशेष सचिव | 24 वीं | 31.08.11 |
| 26. | श्री शाहिद इकबाल खॉ | अपर सचिव | 26 वीं | 31.08.11 |
| 27. | श्री निर्मल कुमार सिंघानियॉ | संयुक्त सचिव | 27 वी | 31.08.11 |
| 28. | श्री कौशलाधीश उपाध्याय | ए0 डी0 एम0 | 30 वी | 31.08.11 |

Preceding-BASA

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना- 800 001

( पंजीयन सं०-633/2003 )

E-mail : basa_bihar@yahoo.com

पत्रांक :.................................  दिनांक...............................

अध्यक्ष ( का० )

* शम्भु नाथ मिश्र
(M) 9431619672
(R) 0612-2288139
(O) 0612-2217696

+++

उपाध्यक्ष

* मो० एख़लाक़ अहमद
(M) 9934280177

+++

महासचिव

सुशील कुमार
(M) 9431091417
(R) 0612-2271428

+++

संयुक्त सचिव

* राजयनन्द बड़ियार
(M) 9431093157

* अनिल कुमार
(M) 9431409463

+++

कोषाध्यक्ष

चन्द्र शेखर सिंह
(M) 9334131351

+++

संयुक्त कोषाध्यक्ष

सोमेश बहादुर माथुर
(M) 9431407901

उपस्थित सभी सेवा निवृत्त पदाधिकारी को भावभीनि विदाई के साथ वासा का प्रतीक चिन्ह अध्यक्ष द्वारा प्रदान किया गया।

सेवा निवृत्त पदाधिकारी के अनुरोध पर यह निर्णय लिया गया कि उनके सेवान्त लाभ में होनेवाली समस्याओं के निदान हेतु संघ द्वारा प्रयास किया जायगा।

6. अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि दिनांक 20.08.2011 को भुवनेश्वर (उड़ीसा) में ऑल इन्डिया फेडरेसन ऑफ स्टेट सिविल/एडमिनिसट्रेटिंग सर्विस एशोसिएशन की बैठक में बिहार प्रशासनिक सेवा के पुर्नगठन के संबंध में विस्तृत जानकारी देने पर दुसरे राज्यों से आए सभी प्रशासनिक पदाधिकारी के द्वारा इसकी पुरजोर सराहना की गई। बैठक में यह बात सामने आई की कई राज्यों यथा राजस्थान, उड़ीसा, हिमाचल प्रदेश में राज्य सिविल सेवा के पदाधिकारी को जिला पदाधिकारी बनाया जाता है। बिहार प्रशासनिक सेवा संघ की भी यह मॉग रही है, एवं पूर्व के सरकार ने इसे स्वीकार भी किया, परन्तु इसका कार्यान्वयन नहीं हो सका है। इस संबंध में सरकार से पुनः अनुरोध किया जाय कि जिला पदाधिकारी के पद पर बिहार प्रशासनिक सेवा के अपर सचिव/विशेष सचिव कोटि के पदाधिकारी को पदस्थापित किया जाय।

7. दिनांक 16.05.2011 स्व0 बद्दू अहमद (529/08) विशेष भू0-अर्जन पदाधिकारी, आवास बोर्ड, दिनांक 20.06.11 को स्व0 अनिल कुमार सिंह, सचिव, नगर निगम भागलपुर एवं दिनांक 20.06.11 को ही स्व0 दिनेश कुमार सिन्हा विशेष कार्य पदाधिकारी, परिवहन विभाग के बिमारी के कारण निधन पर शोक प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति हेतु दो मीनट का मौन रखा गया।

अन्त में अध्यक्ष द्वारा उपस्थित सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

5/9/11

(शम्भु नाथ मिश्र)
अध्यक्ष

ज्ञापांक- 19  दिनांक 5/9/2011

**प्रतिलिपिः**- मुख्य सचिव, बिहार, पटना/प्रधान सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**- केन्द्रीय कार्यकारणी के सभी सदस्य/विशेष आमंत्रित सदस्य/सभी जिला के अध्यक्ष/सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

5/9/11

(सुशील कुमार)
महासचिव

Preceding-BASA